सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-215
05/05/2017

सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला हुआ है, वह एक अच्छा फैसला है :– मुख्यमंत्री

पटना, 05 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक की समाप्ति के पश्चात पत्रकारों द्वारा निर्भया काण्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूछे गये प्रश्न पर कहा कि अंततोगत्वा सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला हुआ है, वह एक अच्छा फैसला है और मैं समझता हूँ कि इसका एक अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इस फैसले से वातावरण इस प्रकार का बनेगा कि किसी भी अपराध करने वाले के मन में एक भय जरूर सतायेगा।

******